ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 05 दिसम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 272


# फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री:शपथ के आधे घंटे बाद शिंदे और अजित के साथ मंत्रालय पहुंचे



**24 न्यूज अपडेट**

महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद नई सरकार बन गई है। देवेंद्र फडणवीस ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा करने वाले वह भाजपा के पहले नेता हैं। शपथ के बाद वे PM मोदी के पास गए और अभिनंदन किया।

फडणवीस के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी CM पद की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे का नाम लिया। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। वे राज्य के दूसरे नेता हैं जो CM के बाद डिप्टी CM बने।

शिंदे के बाद NCP नेता अजित पवार ने डिप्टी CM की शपथ ली। वह छठी बार राज्य के डिप्टी CM बने हैं। वह महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों गठबंधन की सरकार में डिप्टी CM रहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं।

शपथ समारोह मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5:31 बजे शुरू हुआ, जो 16 मिनट यानी 5:47 बजे तक चला। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने तीनों नेताओं ने मराठी में शपथ ली।

समारोह में PM मोदी, अमित शाह, नितिन गडकरी के अलावा नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत NDA शासित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के CM और डिप्टी CM शामिल हुए।


### मंत्रियों ने शपथ नहीं ली

सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई गई। हालांकि महायुति के बीच कैबिनेट बंटवारे को लेकर 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। यानी 6 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा। इसके तहत भाजपा को 20 से 22 मंत्री पद, एकनाथ शिंदे गुट को 12 और अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं।

### महायुति ने 230, MVA ने 46 सीटें जीतीं

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को रिजल्ट आया। महायुति को 230 सीटें मिलीं। इसमें भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और NCP को 41 विधायक जीते। वहीं महाविकास अघाड़ी (MVA) को 46 और अन्य को 12 सीटें मिलीं। MVA में शिवसेना (UBT) 20, कांग्रेस 16 और शरद पवार की NCP को 10 सीटों पर जीत मिली। बहुमत का आंकड़ा 145 है।

# साउथ कोरिया में इमरजेंसी के 6 घंटे:राष्ट्रपति ने संसद में सेना भेजी, प्लेग्राउंड में उतरा मिलिट्री हेलिकॉप्टर, विपक्ष ने कैसे बचाया लोकतंत्र



**24 न्यूज अपडेट**

तारीख 3 दिसंबर, साउथ कोरिया में रात के 9 बजकर 23 मिनट हो रहे थे। ठीक इसी वक्त राष्ट्रपति यून सुक योल टीवी पर लाइव आते हैं और देश में मार्शल लॉ (सैन्य शासन) की घोषणा करते हैं। इस वक्त भारत में करीब 7 बज रहे थे।

अचानक लगे मार्शल लॉ के खिलाफ साउथ कोरिया की विपक्षी पार्टियां एकजुट होती हैं और आधे घंटे के भीतर संसद का आपातकालीन सत्र बुलाती हैं। आपातकालीन सत्र बुलाने की जानकारी मिलते ही राष्ट्रपति सेना को संसद पर कब्जा करने के लिए भेजते हैं।

राष्ट्रपति के आदेश के बाद सेना संसद के लिए कूच करती है। परिसर के प्लेग्राउंड में सेना का हेलिकॉप्टर उतरता है और सैनिक संसद भवन की तरफ दौड़ते हैं। वे संसद भवन में घुसने ही वाले थे कि तभी सेना को विपक्षी पार्टी के सांसदों और कार्यकर्ताओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ता है।

मार्शल लॉ के खिलाफ प्रस्ताव पारित होता है और देश से आपाकाल हट जाता है। पर ये सब कैसे हुआ ? साउथ कोरिया में इमरजेंसी लगने 6 घंटे के भीतर क्या-क्या हुआ, विपक्ष ने कैसे राष्ट्रपति यून के सारे प्लान पर पानी फेरा और सत्ता में बने रहने के उनके सपने को चकनाचूर किया

# नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार:रातों-रात पुलिस ने धरना स्थल खाली कराया; कल 123 को छोड़ा था



**24 न्यूज अपडेट**

नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है।

दरअसल, बुधवार शाम को CM योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने एक्शन लिया।

### पूरे मामले पर एक नजर...

2 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने अपनी 4 मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया था। अफसरों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल आने वाले किसानों को रोक दिया। इसके साथ ही 8 किसान नेता समेत 123 किसानों को गिरफ्तार कर लिया।

4 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों को छुड़ाने के लिए महापंचायत बुलाई। इसमें शामिल होने जा रहे महापंचायत में शामिल होने पहुंच रहे राकेश टिकैत को पुलिस प्रशासन ने अलीगढ़ के टप्पल पर रोक लिया।

इसके बाद पंचायत से किसानों ने ऐलान किया कि अगर 1 घंटे में राकेश को नहीं छोड़ा तो आंदोलन होगा। किसानों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने राकेश टिकैत को छोड़ दिया। टिकैत वहां से भागते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे।


पुलिस पीछे-पीछे दौड़ती रही। पुलिस को डर था कि टिकैत हाईवे पर न बैठ जाएं। हालांकि, वह से गाड़ी से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। हालांकि, वह धरनास्थल तक नहीं पहुंच पाए थे।

# हेमंत सोरेन कैबिनेट में 5 मंत्री रिपीट

## MM-कांग्रेस ने 50% मंत्रियों को किया ड्राप, पहली बार फारवर्ड कोटे से एक भी मंत्री नहीं



दीपक बिरुवा



रामदास सोरेन



हफीजुल हसन अंसारी



सुदिव्य कुमार सोनू



योगेंद्र प्रसाद



चमरा लिंडा

**24 न्यूज अपडेट**

हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के 6 दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। नई सरकार में 5 मंत्रियों को रिपीट किया गया है। जबकि, JMM और कांग्रेस ने अपने 50% मंत्रियों को बदला है।

खास बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार फारवर्ड कोटे से मंत्री नहीं बनाया गया है। इससे पहले एक या दो मंत्री हमेशा फारवर्ड कोटे से बनते रहे हैं। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथिलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गए हैं। इसके बाद INDIA ब्लॉक ने फारवर्ड कोटे को खत्म कर दिया है।

जानकार मानते हैं कि फारवर्ड भाजपा के परंपरागत वोटर हैं। इस वजह से भी हेमंत सोरेन सरकार ने महत्व नहीं दिया। हालांकि, इस कोटे से मंत्री पद की रेस में चुन्ना सिंह और अनंत देव प्रताप का नाम चर्चा में था।

मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक विधायक मंत्री बने हैं। JMM के हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली। बाकी 10 मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को अकेले ही मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### JMM ने 3 मंत्रियों को किया रिपीट, 3 नए चेहरे

JMM ने नई कैबिनेट में तीन मंत्रियों को रिपीट किया है। चाईबासा से विधायक दीपक बिरुवा, घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन और मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन अंसारी इस बार भी मंत्री बने हैं। तीनों हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में मंत्री थे।

# हैदराबाद में फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़:1 महिला की मौत, 3 घायल; अल्लू अर्जुन से मिलने आए फैंस पर लाठीचार्ज



**24 न्यूज अपडेट**

हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 1 महिला की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए अल्लू अर्जुन आए थे। थिएटर के बाहर आरटीसी एक्स रोड पर इकट्ठा हुए फैंस अल्लू अर्जुन से मिलना चाहते थे।

इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के कारण कई लोग एक-दूसरे पर गिर गए। कुछ लोग घायल भी हुए। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया।

भीड़ कम होने के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती किया। डॉक्टर ने 1 महिला को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। 3 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें अल्लू अर्जुन के फैंस को बेहोशी के हालात में देखा गया। पुलिस ने उन्हें होश में लाने की कोशिश की।

## संपादकीय : अमन पर आशंका

अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सहज और शांतिपूर्ण रखने के लिए भारत ने न केवल अपनी ओर से हर स्तर पर पहल की है, बल्कि कई बार विपरीत स्थितियों में भी सकारात्मक रुख दिखाया है। मगर लंबे समय से पाकिस्तान और चीन के रवैये की वजह से सीमा पर अक्सर तनाव और टकराव के हालात पैदा होते रहे हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार रहा है, वह अब दुनिया जानती है। बिना किसी उकसावे के चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जिस तरह की गतिविधियां चलाता है, उसे किसी भी कसौटी पर उचित नहीं कहा जा सकता। भारत कूटनीतिक स्तर पर इस मसले को अक्सर उठाता रहा है। समय-समय पर होने वाली बातचीत के बाद कुछ समय तक सीमा पर शांति की स्थिति दिखती है, मगर फिर चीन की ओर से कोई न कोई ऐसी गतिविधि शुरू हो जाती है, जिससे उसकी मंशा पर संदेह होता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब भारत और चीन के बीच बातचीत के बाद कई सकारात्मक पहलकदमियां हुई और शांति बहाली की उम्मीद जगी। इसके तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को पीछे लौटाने के कदम उठाए गए। मगर पिछले कुछ वर्षों में भारत को लेकर चीन का जैसा रुख सामने आया है, उसके मद्देनजर यह आशंका लगातार बनी हुई है कि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात में सुधार की स्थितियां कब तक बनी रहेंगी । अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता ने बहुस्तरीय तनाव में बढ़ोतरी की है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फिलहाल शांति को भारत राहत के रूप में देख सकता है, लेकिन अगर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों की वजह से दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है, तो यह भारत के लिए भी सचेत रहने का वक्त है। शायद यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती चिंता की पृष्ठभूमि में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीन की सेना के बीच गतिरोध भले खत्म हुआ है, मगर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मंशा नहीं बदली है। उस क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में चीन की सैन्य ताकत का प्रदर्शन भारत के लिए चिंता का विषय है। यह हकीकत है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन खुद को इस रूप में पेश कर रहा है, जिसमें उसे दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति के तौर पर देखा - माना जाए। यह उसकी अपनी स्थितियों के अनुकूल हो सकता है, लेकिन इस क्रम में वह अपने पड़ोसी देशों की संप्रभुता का हनन या उनके सामने जोखिम पैदा करके करना चाहता है, तो यह हर लिहाज से गलत है। खासकर भारत को लेकर चीन का रवैया अब तक भरोसेमंद नहीं रहा है। अक्सर भारत और चीन के बीच बातचीत में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति कायम रखने और एक-दूसरे के क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधियां या दखलअंदाजी न करने पर सहमति बनती है, मगर कुछ समय बाद चीन के पांव फिर बहकने लगते हैं। सवाल है कि अरुणाचल प्रदेश में उसकी गतिविधियों को किस रूप में देखा जाएगा और उसके क्या कारण हैं ? भारत अगर सीमा से संबंधित विवाद के सभी प्रश्नों का हल करना चाहता है, तो चीन को इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देनी चाहिए और अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ शांति के लिए बनी सहमति पर अमल करना चाहिए।

## गिरावट की मुद्रा

डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट से अर्थव्यवस्था को एक और झटका लगा है। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद घट कर 5.4 फीसद पर आ गया। उसमें सबसे बुरी गत विनिर्माण और आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की रही। थोक और खुदरा महंगाई अपने उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहा है। ऐसे में डालर के मुकाबले रुपए की कीमत अब तक के सर्वाधिक निचले स्तर 84.76 पर पहुंच जाने से स्वाभाविक ही चिंता बढ़ गई है। रुपए की कीमत गिरने का असर सीधे-सीधे आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है। पहले ही लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, अब यह और बढ़ जाएगी। इसलिए कि कच्चे तेल से लेकर खाने के तेल, दवाओं के लिए कच्चा माल आदि बहुत कुछ बाहर से मंगाना पड़ता है, जिसका भुगतान डालर में करना पड़ता है। फिर विदेश यात्रा और विदेशों में पढ़ाई कर रहे छात्रों पर भी खर्च का बोझ बढ़ जाएगा। रुपए की कीमत गिरने की बड़ी वजह फिलहाल डालर के मजबूत होने और नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स देशों को डालर का उपयोग न करने पर सौ फीसद शुल्क लगाने की चेतावनी बताई जा रही है। पर लंबे समय से रुपए की कीमत में नरमी का रुख बना हुआ है। कहा जा रहा था कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार के जरिए इस नरमी को कम करने का प्रयास करती रही, मगर नाकाम साबित हुई है। इसकी एक वजह बढ़ती महंगाई है, जो रिजर्व बैंक के ऊंची रेपो दर लागू करने के बावजूद काबू में नहीं आ रही । फिर, जब से अमेरिकी डालर मजबूत होना शुरू हुआ है और ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए हैं, विदेशी निवेशकों ने भारत से अमेरिका की तरफ रुख कर लिया है। निर्यात में बढ़ोतरी लाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। मगर फिर भी हकीकत से आंखें चुराने की कोशिश ही देखी जाती है। जब केंद्र में यूपीए सरकार थी, तब भाजपा कहते न थकती थी कि रुपए की गिरती कीमत उसका इकबाल गिरने की निशानी है। मगर विचित्र है कि वह खुद इसे संभाल नहीं पा रही।

## हाइवे पर चलती कार बनी आग का गोला

### उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर काया के पास की घटना, कारणों का पता नहीं चला



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे 48 पर आज एक चलती कार आग का गोला बन गया। जैसे ही कार चलाने वाले को बोनट पर धुंआ दिखाई दिया तो उसने कार रोककर उतर गया और देखते ही देखते कार आग का गोला हो गई। उदयपुर शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र हाईवे पर काया के पास कार में अचानक आग लग गई। बताते है कि काया की तरफ से उदयपुर आ रही कार में जैन मंदिर के पास कार के बोनट में धुआं निकलते हुआ। कार सवार ने कार सड़क किनारे रोककर देखा तो कार में आग लग रही थी और थोड़ी ही देर में कार जलकर खाक हो गई।
सूचना पर उदयपुर से फायर ब्रिगेड पहुंचती तब तक आग जल गई थी। गोवर्धन विलास पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताते है कि कार सवार वहां से निकल गया। पुलिस का कहना है कि कार मालिक की रिपोर्ट पर मामले की जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया कि अभी कार में आग के कारणों का भी पता नहीं चला मालिक के थाने आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

## दिल्ली में संसद चलो मार्च में उदयपुर से एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी जी के नेतृत्व में दिल्ली में केंद्र सरकार की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ संसद चलो मार्च कार्यक्रम के तहत जंतर मंतर में NSUI के कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उदयपुर से देवेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कई NSUI कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान एनएसवी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया,उदयपुर से देवेंद्र सिंह राठौड विक्रम भादू को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि NSUI द्वारा शिक्षा के बजट में लगातार आ रही कमी के विरोध में, आंदोलन करते छात्रों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करने, छात्रवृत्तियों का बजट आवंटन, पेपर लीक रोकने जैसे कई मुद्दों पर NSUI द्वारा प्रदर्शन किया गया। उदयपुर से देवेंद्र सिंह राठौड,विक्रम भादू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार के गठन के बाद राणा प्रताप मंडल में हुई आतिशबाजी



**24 न्यूज अपडेट**

महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार गठन एवं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस के शपथ ग्रहण पर आज भाजपा राणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सुंदरवास में जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम चित्तोड़ा मंडल उपाध्यक्ष संजीव जैन एस सी मोर्चा जिला महामंत्री गोपाल सालवी के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी कर व सभी को मिठाई खिला कर खुशी व्यक्त की गई इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुनील वसीटा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी जैन महामंत्री तुलसी नागदा मीनू कुंवर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोकेश जोशी केशु पटेल हितेश प्रजापत नवनीत जैन रोशन गायरी नरेंद्र माली उदय सिंह हाड़ा अंशुमान सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विशाल अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ के साथ होगा जे.के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा प्लान्ट के स्वर्ण जयन्ती महोत्सव का आगाज, प्रतिदिन होगा विधिवत यज्ञ एवं मन्त्रोच्चारण, कई राजनितिक एवं सामाजिक विभूतियों होगी अतिथि

**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेड़ा। सीमेन्ट निर्माण में उत्कृष्ट गुणवत्ता और सामाजिक समरसता की प्रतीक निम्बाहेड़ा की जे. के. सीमेन्ट ईकाई की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य उत्सव का आयोजन निम्बाहेड़ा में होगा। निम्बाहेड़ा एवं मांगरोल इकाई के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने बताया कि सिघानिया परिवार वर्ष 1974 में निम्बाहेड़ा आये और निम्बोड़ा नगर को ही अपना परिवार बना लिया। सीमेन्ट निर्माण के क्षेत्र में सिंघानिया परिवार ने 1974 में निम्बाहेड़ा प्लान्ट की शुरुआत 0.8 मिलीयन टन प्रतिवर्ष की क्षमता के साथ शुरुआत की, जो आज जे. के. समूह की निर्माण की कुल क्षमता 24 मिलीयन टन प्रतिवर्ष तक पहुंच गयी है। निम्बाहेड़ा इकाई के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 07 दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जो कि भारतीय परम्परा और उल्लास का विशिष्ठ संगम बनेगा। इस इकाई के गोरवपूर्ण क्षण एवम् कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिये समूह के चेयरपरसन श्रीमती सुशीला सिंघानिया, वाईस चैयरमेन डॉ. निधिपति सिंघानिया, श्रीमती विधि सिंघानिया, प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया, उप प्रबंध निदेशक श्री माधवकृष्ण सिंघानिया एवं सिंघानिया परिवार की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इसी के साथ ही क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक एवम् राजनेतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तीयों इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से 12.30 बजे तक यज्ञ होगा. जिसमे आचार्य श्री त्रिलोकीनाथ जेटली जी के सानिध्य में समस्त जन कल्याण एवम् विश्व शान्ति की कामना के लिये 2.5 लाख आहुतियों से यज्ञ होगा। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जे.के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा इकाई और जे. के. समूह सदैव अपनी उपस्थिति सशक्त माध्यम के रूप में प्रदर्शित करता रहा है, जिसमें मुख्य रूप से युवाओं के कौशल विकास के लिये आई.टी.आई. की स्थापना, गांव में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये प्रशिक्षित करना, दिव्यांग व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये निः शुल्क उपकरण वितरण, पशुधन संमवर्धन कार्यक्रम, सरकारी स्कूलों का नवीनीकरण एवम् विकास, आगनवाड़ीयों को गोद लेकर संचालित करना, निम्बाहेड़ा नगर में जे.के. कंसर्ट हॉल की स्थापना, गांवों में सामुदियक भवनों एवम् सड़कों का निर्माण व पेयजल की सुविधा प्रदान करना, चिकित्सा के क्षेत्र में राजकीय जिला चिकित्सालय निर्माण एवम चिकित्सा उपकरणों में सहयोग, एवम् चल चिकित्सा ईकाई द्वारा गांवो में स्वास्थ्य परीक्षण एवम् निः शुल्क दवाईयों का वितरण, मेन्मा चिकित्सा शिविर का आयोजन करना, सड़क सुरक्षा के तहत हेल्मेट वितरण एवम् पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से नियमित रूप से पौधारोपण कार्यक्रम संचालित कर समूह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी भूमिका का निर्वाहन करने के लिये प्रतिवद्ध है। यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अधिक से अधिक संख्या में आमजन से इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को और अधिक उर्जावान और सशक्त बनाने का आग्रह किया है।




# 37 प्रकार की जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी

24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 5 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं मे अभूतपूर्व सुधार और नवाचार हो रहे हैं। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर प्रदेशभर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का आयोजन 15 दिसम्बर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। मुख्य सचिवसुधांश पंत ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा—निर्देश प्रदान किए है। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के साथ समुचित समन्वय करते हुए शिविरों में आमजन की अधिकाधिक भागीदारिता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों से मिलेगा परामर्श-

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में एलोपैथी के साथ ही आयुष पद्धति के माध्यम से भी रोगों का निदान एव उपचार किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेलीकंसल्टेशन से भी नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कॉमन कैंसर एवं अंधता रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। मरीज को आवश्यकता होने पर एम्बुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थान पर ले जाकर भी उपचारित किया जाएगा। इन सभी शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

ब्लॉक स्तर फोलोअप एवं जिला स्तर पर रेफरल शिविर— गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र उपचार की दृष्टि से पंचायत समिति मुख्यालयों पर फोलोअप एवं जिला स्तर पर रेफरल शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा, साथ ही फॉलोअप शिविरों में भी अतिविशिष्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेलीकंसल्टेशन की सेवाएं ली जाएंगी। शिविरों में मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जाँच करवाकर दिव्यांगजन को यूडीआईडी प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे।

# होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत जताया आभार



24 न्यूज़ अपडेट

होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के उदयपुर संभाग अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि नई पर्यटन यूनिट नीति 2024 के लांचिंग के अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान अध्यक्ष हुसैन खान ,संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पर्यटन मंत्री श्रीमती दिया कुमारी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया .

(1)औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाओं के लिए 5% तक भू क्षेत्रफल आवंटन

(2) कन्वर्जन चार्ज के लाभ प्रभावी rips के प्रावधानों के अनुसार

(3) पर्यटन इकाइयों से बिजली शुल्क एवं शहरी विकास यूडी टैक्स अनुमोदित औद्योगिक दर पर देय होगा

(4) ट्रेड लाइसेंस 10 वर्ष तक एक बार में बना सकेंगे

(5) फायर एनओसी एक बार में 3 वर्ष तक के लिए बना सकेंगे

(6) हेरीटेज रेस्टोरेंट संचालित करने की अनुमति दी जाएगी

(5)आबकारी नीति के अनुरूप हेरिटेज होटल/ रेस्टोरेंट को रियायती दर पर एवं सामान्य रेस्टोरेंट को कंपोजिट बार लाइसेंस देने का प्रावधान

(6) 22 सीट या उससे अधिक क्षमता के वातानुकूलित पर्यटन लग्जरी कोच को मोटर वाहन कर से संपूर्ण छूट

(7) चार दिवारी में स्थित होटल पर्यटन इकाइयों को न्यूनतम सड़क चौड़ाई की आवश्यकता के बिना संचालित करने की अनुमति दिया जाना प्रस्तावित!

इसके अलावा अनेक अन्य प्रावधान भी पर्यटन सेक्टर को प्रमोट के लिए पर्यटन नीति 2024 में सम्मिलित किए गए हैं!

# RAS के अलावा दूसरे अधिकारी भी IAS बनेंगे

## हाईकोर्ट ने रोक हटाई; कहा- RAS एसोसिएशन ने समय बर्बाद किया, 5 लाख जुर्माना लगाया



24 न्यूज़ अपडेट

नॉन आरएएस से आईएएस में प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। करीब डेढ़ साल पहले 7 जुलाई 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए नॉन आरएएस सर्विस से आईएएस बनाने पर रोक लगा दी थी। 26 नवंबर को सुनवाई पूरी करने के साथ कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था।

जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने आज आरएएस एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका खारिज होने के साथ ही प्रमोशन पर लगी रोक भी हट गई है। कोर्ट ने आरएएस एसोसिएशन पर व्यक्तिगत हितों के चलते याचिका लगाकर कोर्ट का समय बर्बाद करने पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

## सरकार ने कहा- व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते आए

सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा- सरकार नियमों के तहत ही नॉन आरएएस से आईएएस में प्रमोशन कर रही थी। नियमों में साफ है कि सरकार प्रमोशन के 15 प्रतिशत पदों पर नॉन आरएएस अधिकारियों का आईएएस में प्रमोशन कर सकती है।

अभी तक हुए सभी प्रमोशन में सरकार ने कभी भी इस सीमा को नहीं लांघा। वहीं, शेष पदों पर आरएएस अधिकारियों को ही आईएएस में पदोन्नत किया जा रहा है। आरएएस एसोसिएशन की ओर से लगाई याचिका से लगता है कि यह केवल निजी स्वार्थ के चलते लगाई गई है। केवल इस आशंका से की इन्हें प्रमोशन के अवसर कम मिलेंगे। इस आधार पर यह याचिका लगाई गई है।

उन्होंने कहा- सरकार नॉन आरएएस से आईएएस में उन अधिकारियों को प्रमोट करती है, जो अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं।

# फरवरी में हो सकती है रीटःपहली बार OMR शीट में मिलेंगे 5 विकल्प; डबल लॉक में रहेंगे पेपर, 10 से 12 लाख कैंडिडेट्स होंगे शामिल




24 न्यूज़ अपडेट

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2024 को लेकर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसके लिए बोर्ड ने विज्ञप्ति का फॉर्मेट तैयार कर सरकार को भेज दिया है। अब इंतजार सरकार के अप्रूवल का है। सरकार की ओर से विज्ञप्ति का अप्रूव मिलने के बाद जल्द ही आवेदन और एग्जाम की डेट घोषित कर दी जाएगी। बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया- सरकार ने रीट के लिए शासन सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है और तीन बार बैठक हो चुकी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को तैयारी के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा-जल्द ही राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को अनुमति दे दी जाएगी। आवेदन शुरू कर फरवरी में एग्जाम कराना हमारी प्राथमिकता है।

## चार की जगह पांच ऑप्शन, हर सवाल का देना होगा जवाब

बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया- इस बार अभ्यर्थियों को चार की जगह ओएमआर शीट में पांच ऑप्शन दिए जाएंगे। हर सवाल का जवाब देना होगा। किसी सवाल के जवाब के लिए चार की जगह पांच विकल्प होंगे। ऐसे में अगर कोई अभ्यर्थी चारों विकल्प नहीं भरता है, तो उसे पांचवां विकल्प भरना होगा। ऐसा न करने पर नेगेटिव मार्किंग होगी और नंबर कट जाएंगे। इसके साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने 10 फीसदी से अधिक सवालों के जवाब में पांचों विकल्प में से एक भी नहीं चुना तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। इसके अलावा सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जाएगी।

# बीकानेर में सेना के 2 जवानों ने किया सुसाइड

## BSF हेड कॉन्स्टेबल ने घर में फंदा लगाया, 15 साल बाद होमटाउन में मिली थी पोस्टिंग



24 न्यूज़ अपडेट

बीकानेर में 18 घंटे में 2 जवानों ने सुसाइड कर लिया। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे BSF के हेड कॉन्स्टेबल बंशीलाल सारस्वत (41) ने घर के बेसमेंट में रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। 15 साल की नौकरी के बाद कुछ महीने पहले ही उन्हें गृह जिले में पोस्टिंग मिली थी।

इससे पहले, बुधवार शाम 7 बजे महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में तैनात सेना के जवान संतोष पंवार (30) निवासी नासिक (महाराष्ट्र) ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया था। साथी जवानों ने काफी देर तक उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो वह पंखे से लटके मिले। दोनों ही मामलों में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# भीलवाड़ा के बाजार बंद-आक्रोश रैली निकालीःबांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में फूटा आक्रोश



24 न्यूज़ अपडेट

बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में गुरूवार को भीलवाड़ा के बाजार 11 बजे तक बंद रहे। यहां सर्व हिन्दू समाज ने आक्रोश रैली निकाली और जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन दिया गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई और आक्रोश व्यक्त किया।

## सर्व हिंदू समाज ने निकाली आक्रोश रैली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार आक्रमण व निर्दोष हिंदुओं की गिरफ्तारी, हिंदू समाज को टारगेट कर हिंसात्मक हमले कर धार्मिक स्थल तोड़ने व बहन बेटियों के साथ रेप की घटनाओं के विरोध में भीलवाड़ा महानगर के सर्व हिंदू समाज ने गुरुवार को आक्रोश रैली निकाली। जिसमे बड़ी संख्या में लोग टू व्हीलर पर सवार होकर रैली में शामिल हुए।

## सांगानेरी गेट पर जुटे लोग

शहर में सांगानेरी गेट पर सुबह 8:30 बजने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, विभाग संघ चालक चांद सोमानी ,शंकर माली प्रांत कार्यवाहक सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों की अगुवाई में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर आक्रोश रैली शुरू हुई। जो शहीद चौक, बड़ा मंदिर सर्राफा बाजार, भीमगंज थाना, सूचना केंद्र बजरंगी चौराहा, गोलप्याऊ चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा, मशीनरी मार्केट होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची। रैली में विभिन्न स्थानों से लोग जुड़ते रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडर का कॉमर्शियल उपयोगःरसद विभाग ने 12 ठिकानों से पकड़े 28 सिलेंडर, कलेक्टर करेंगे कार्यवाई



24 न्यूज़ अपडेट

रसद विभाग की टीम ने गुरवार को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआ और चिखली कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर का कॉमर्शियल उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। रसद विभाग की टीम ने अलग-अलग 12 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और इस दौरान कुल 28 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। मामले में जिला कलेक्टर की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रसद विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इन्ही निर्देशों के पालन में गुरवार को रसद विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह और निरीक्षक लालशंकर डामोर ने चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआ और चिखली कस्बे में होटल, ढाबों और थड़ियों पर छापा मारा। इन प्रतिष्ठानों पर रसोई में घरेलू सिलेंडर का कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। रसद विभाग की टीम ने कुआ कस्बे में 6 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। वहीं चिखली कस्बे में भी 6 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 13 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। रसद विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जांच रिपोर्ट डूंगरपुर कलेक्टर को सौंपी जाएगी। उसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई इन प्रतिष्ठानों के खिलाफ की जाएगी।




# देबारी स्थित होटल द क्वालिया रिसोर्ट के मालिक से रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त कार जब्त



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। प्रताप नगर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे नम्बर 27 देबारी पर स्थित द क्वालिया होटल एंड रिसोर्ट के मैनजर से अवैध वसूली की मांग कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक माह से फरार आरोपी महिपाल सिंह राणावत को गिरफ्तार किया गया। जिनसे घटना में प्रयुक्त कार बरामद की जाकर आरोपी अनुसंधान न्यायालय में पेश न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रार्थी राजेन्द्र पिता भंवर सिंह राजपूत उम्र 38 वर्ष निवासी घोलपान का गुडा थाना झल्लारा जिला सलूम्बर हाल होटल द क्वालिया रिसोर्ट देबारी थाना प्रतापनगर जिला प्रतापनगर ने प्रकरण दर्ज करवाया कि हमारी होटल द क्यालिया देबारी में 20 अक्टूबर को रात्रि करीब 1.30 बजे से दो बजे के मध्य कुछ लोग होटल पर आये तथा स्टाफ को धमकी दे कर गये की तुम्हारी होटल में हमारे जो लोग आएंगे उनसे किसी प्रकार का बिल अथवा पैसा मत लेना। नहीं तो तुम्हारी होटल बन्द करवा देंगे। उदयपुर शहर में अरविन्द सिंह पाटिया ग्रुप के नाम से जानते हैं। किसी को पूछ लेना रामी और तुम्हारी जैसी नामी होटल बन्द करवा चुके हैं। कहकर होटल स्टाफ देख लने व हफ्ता वसूली की धमकी देकर गये। इस पर एसपी योगेश गोयल उदयपुर द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिस पर उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर एंव छगन पुरोहित वृताधिकारी वृत नगर पूर्व के सुपरविजन भरत योगी थानाधिकारी पुलिस थाना प्रतापनगर के नेतृत्व में टीम द्वारा नेशनल हाईवे नम्बर 27 ढीकली पर स्थित द क्वालिया होटल एंड रिसोर्ट पर होटल मैनेजर व कर्मचारियो से हुई अवैध वसूली की वारदात के आरोपी में होटल उदयपुर द्वारा घटना एवं आस पास के सीसीटीवी फुटेज व आसुचना का संकलन कर आरोपी अरविन्द सिंह पाटिया व उसके साथी आरोपीगण को नामजद किया गया। आरोपी महिपाल सिंह राणावत को नाकोड़ा नगर से डिटेन कर बाद पूछताछ गिरफतार किया गया। गिरफतार आरोपी महिपाल सिंह राणावत से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई। आरोपी महिपाल सिंह राणावत को बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामले में अन्य आरोपीगण की तलाश जारी है। आरोपी महिपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह राणावत जाति राजपूत उम्र 29 साल निवासी आजाद मोहल्ला कुराबड पुलिस थाना कुराबड जिला उदयपुर हाल नाकोडा नगर सेकण्ड रकमपुरा रोड पुलिस थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर हैं। महिपाल सिंह राणावत व वांछित फरार आरोपी अरविन्द सिंह पाटिया निवासी पाटिया पुलिस थाना खेरोदा जिला उदयपुर के विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में मारपीट व हत्या के प्रयास के विभिन प्रकरण पंजीबद्ध है।

# बहन और होने वाले जंवाई ने कर दिया कांड, 400 किलो वजनी तिजौरी से लूट लिया 40 लाख का सोना, उससे ले लिया गोल्ड लोन





**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जोधपुर। लूणी थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई चर्चित चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है, इसमें घर की बेटी हेमा की ही महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई। पुलिस ने हेमाके मंगेतर जितेंद्र और साथी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ के बाद हेमा को भी बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 40 लाख का सोना और 1.68 लाख नगद बरामद कर लिए है। एडीसीपी निशांत भारद्वाज ने बताया कि 21 नवम्बर को लूणी थाना क्षेत्र के मोकलासनी गांव निवासी प्रधानराम खींचड़ ने जुलाई से नवंबर तक घर में चोरी करने की रिपोर्ट दी थी. जिसमें बताया कि वह अपने परिवार के साथ पूना रहता है. जबकि गांव ने उसके माता पिता और बहन रहते हैं. उसने अपने घर के आभूषण और नगदी के लिए एक 400 किलो वजनी तिजोरी घर में रखी है,जिसमें उसके और परिवार के आभूषण और नगदी रहते हैं. जिसकी चाबी उसकी मां के पास रहती है. 16 नवम्बर को उसकी बहन ने फोन कर बताया कि वो घर में काम कर रही थी. इस दौरान अभिषेक और जितेंद्र चुपचाप आए और चाबी निकाल तिजोरी खोल चोरी की है. जब वह वापस चाबी रख रहा था तब बहन ने उसे देख लिया. दोनों घर से भाग गए. इसके बाद प्रधानराम पूना से मोकलासनी आया. उसने तिजोरी खंगाली तो उसमें से करीब एक किलो सोने के आभूषण और साढ़े चार लाख नगदी गायब थे. जांच के दौरान पता चला कि हेमा उसके मंगेतर जितेंद्र और अभिषेक ने मिलकर चोरी की थी। थानाधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि इस मामले की पड़ताल करते हुए पाली जिला निवासी जितेंद्र और अभिषेक को पकड़ा गया. पूछताछ में जितेंद्र ने बताया कि उसकी सगाई प्रधान राम की बहन हेमा से हुई है। इसलिए उसका घर आना जाना था। दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने जो सोना घर से चुराया था उसमें हेमा भी शामिल थी। सोना अलग-अलग प्राइवेट बैंकों में गोल्ड लोन के लिए गिरवी रख दिया, जिसमें से पुलिस ने 40 लाख का सोना बरामद कर लिया जबकि 30 तोला सोना अभी बरामद होना बाकी है। बताया गया कि जितेंद्र की हेमा से सगाई के बाद उसका घर पर आना-जाना शुरू हो गया। उसने एक बार तिजोरी में देख लिया की बड़ी मात्रा में सोना और नगदी देखा तो मन में खोट आ गई। हेमा से कहा कि थोड़ा-थोड़ा करके सोना निकाल लो जिससे हम शहर में खुद का घर बना लेंगे। जितेंद्र अभिषेक को हेमा के पास भेजता और हेमाघर से आभूषण और नगदी चुरा कर उसे दे देती। जितेंद्र पाली में मेडिकल स्टोर पर काम करता है जबकि अभिषेक बीएड की पढ़ाई कर रहा है। दोनों के घर से 168000 पुलिस ने बरामद कर लिए जबकि सोना उन्होंने डीसीबी बैंक, मण्णपुरम और बजाज फाइनेंस में गिरवी रख दिया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सोने को प्राइवेट बैंकों में गोल्ड लोन के लिए गिरवी रख दिया। पुलिस ने डीसीबी बैंक और बजाज फाइनेंस से सोना बरामद कर लिया, जबकि मण्णपुरम फाइनेंस कंपनी के द्वारा सोना देने से इंकार किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के मैनेजर भी नौकरी छोड़कर भाग गए हैं, जिन्हें पुलिस तलाश रही है।

# जिला जूनियर कबड्डी टीम का चयन




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जिला कबड्डी संघ उदयपुर के तत्वावधान में गाँधी ग्राउंड में उदयपुर जिला जूनियर कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के आधार पर उदयपुर बालक एवं बालिका टीम का चयन किया गया , जो कि 7 से 10 दिसम्बर तक सीकर में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिया में भाग लेगी स जिला कबड्डी संघ के सचिव मुकेश जैन ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि उदयपुर बालक टीम का नेतृत्व हर्षराज करेंगे , वहीं बालिका टीम का नेतृत्व खुशी पालीवाल करेगी स उदयपुर टीम इस प्रकार है- बालक वर्ग :- हर्षराज (कप्तान) , गुलशन, देव गुर्जर , निखिल डांगी , लव गुर्जर अंकित कलाल , कुलदीप खटीक , विक्रम सिंह देवड़ा , विशाल , जीवन मेनारिया , विष्णु गुर्जर , विकास स बालक टीम के कोच श्याम सुंदर शर्मा होंगे, टीम मैनेजर दिनेश डामोर होंगे । बालिका वर्ग :- खुशी पालीवाल (कप्तान) , स्नेहलता , चेतना , रीना , माया , धनवंती, खुशी , नाजमीन , सपना , प्राची , रोशनी जैन, वर्षा, टीम कोच सोनू गोस्वामी , टीम मैनेजर तनीषा गुर्जर होगी। उदयपुर टीम कल चेतक एक्सप्रेस से सीकर के लिए रवाना होगी स टीम के सभी खिलाड़ियों को आज गाँधी ग्राउंड में , जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह खनुजा, आयोजन सचिव जालम चंद जैन, उदयपुर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू , संघ के कोषाध्यक्ष मनीष पटेल, चयन समिति के सत्यनारायण सिंह गहलोत ने कबबड्डी टीम को किट प्रदान की स उदयपुर टीम के सभी खिलाडी ब्लु जर्शी में अपने, अपने जर्शी पर अंकित नंबर के साथ , उदयपुर टीम का राज्य प्रतियोगिता में नेतृत्व करेंगे।

# बिनौली में नाचती महिला से मोबाइल लूटने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार मोबाइल किया बरामद




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट.डूंगरपुर। कोतवाली पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इन्होंने बिनौली के बीच से नाचती हुई महिला का मोबाइल छीन लिया था। भागते हुए पकड़े गए मगर फिर से भाग निकले। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि माधुरी पत्नी प्रकाश कतरा निवासी भाटपुर की रिपोर्ट पर जांच की गई। बताया गया कि 1 दिसम्बर को माधुरी अपने पति के साथ सुभाषनगर में रिश्तेदार के बिनौले के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। बिंदौली नया हॉस्पिटल चौराहा पर आई व वहांपर सब डांस कर रहे थे। इस दौरान 2 युवक आए और अचानक महिला के हाथ से मोबाइल लूट लिया। चिल्लाने पर पति प्रकाश ने एक बदमाश को पकड़ लिया, लेकिन वह भी हाथ छुड़ाकर भाग गया। इसमामले में एएसआई दिलीप सिंह, कॉन्स्टेबल मयूर, दिनेश चंद्र, रविंद्र और विशाल की टीम ने आरोपियों की तलाश करते हुए 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी के अनुसार आरोपी विशाल (20) पुत्र शंकरलाल कटारा निवासी माथुगामडा फला रेलडा ओर राजकुमार (20) पुत्र कृष्णलाल डामोर निवासी अमरपुरा फला नई बस्ती थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने लूटपाट की वारदात कबूल कर ली है। उसके कब्जे से लुटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है।

# सांसद रोत ने संसद में कहा-बदला जाए डूंगरपुर रेलवे स्टेशन का नाम, वागड़ में चले भील प्रदेश एक्सप्रेस ट्रेन




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट.बांसवाड़ा। राजकुमार रोत ने आज बडी मांग संसद में उठा दी। सांसद ने आज भील प्रदेश एक्सप्रेस ट्रेन की मांग की है। गुरुवार को सदन में बोलते हुए राजस्थान से भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर में रेल कनेक्टिविटी की समस्या को देखते हुए 2012 में बांसवाड़ा- डूंगरपुर रेल प्रोजेक्ट लाया गया था, मगर यह जिस रफ्तार से चल रहा है, उससे लगता है कि अभी ट्रेन आने में 10 साल और लग जाएंगे। रोत ने कहा- बांसवाड़ा- डूंगरपुर प्रोजेक्ट के काम में तेजी लानी चाहिए। मध्यप्रदेश से भूमि अवाप्ति करवाने के लिए भी समुचित मॉनिटरिंग हो। इसके साथ ही सांसद रोत ने उदयपुर से दिल्ली तक चलने वाली मेवाड़ एक्सप्रेस को भी डूंगरपुर तक चलाने की मांग की। अभी दिल्ली जाने के लिए उदयपुर जाना पड़ता है। अगर मेवाड़ एक्सप्रेस डूंगरपुर से कनेक्ट हो तो लोगों को उदयपुर नहीं जाना पड़ेगा।यह मांग काफी लंबे समय से चल रही है, इसे पूरा किया जाए। सांसद ने कहा कि जनता की मांग के अनुसार डूंगरपुर रेलवे स्टेशन का नाम राजा डूंगर बरंडा के नाम पर रखा जाए।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।